दिनांकः 05.04.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रदेश के कई जिलों में अगले तीन–चार दिनों में तेज़ गर्मी और लू के लिए मौसम विभाग का ऑरेंज अलर्ट।
- पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर बाड़मेर दौरे पर–ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था पर ज़ोर दिया।
- जयपुर डेयरी की तर्ज़ पर प्रदेशभर में 'सरस लाडो मायरा'' योजना लागू होगी।
- प्रदेशभर में दुर्गाष्टमी परम्परागत श्रद्धाभाव से मनाई जा रही है–कल रामनवमी पर विभिन्न आयोजन होंगे।

मौसम विभागने प्रदेश में अगले तीन–चार दिनों में कई जिलों में तेज गर्मी और लू चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसका असर आठ अप्रेल तक जारी रहने की संभावना है। इस दौरान राज्य के पश्चिमी जिलों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की आशंका है। इस बीच, बीते 24 घंटों में बाड़मेर में पारा 42 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। जालोर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा और टोंक में भी तेज गर्मी का असर रहा तथा अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एंटी साइक्लोन बनने से पश्चिमी हवाओं का प्रभाव बढ़ेगा और तेज गर्मी हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की बढोतरी की संभावना है।

...................

पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि ग्राम पंचायतों में सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरादाश्त नहीं की जाएगी। श्री दिलावर ने आज बाडमेर जिले के उडंखा और राणीगांव में सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान ये बात कही। उन्होंने ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान में सुधार लाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में सफाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। श्री दिलावर ने ग्रामीणें से बातचीत भी की और उन्हें ग्राम पंचायतों में साफ–सफाई रखने के लिए प्रेरित किया।

...................

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण की राज्य स्तरीय कार्यशाला आज नाथद्वारा में आयोजित की गई। केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, सुप्रीम कोर्ट जज बी.आर. गवई और मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने शिरकत की। केन्द्रीय मंत्री ने पीपलांत्री में पर्यावरण के क्षेत्र में हुए काम को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि पूर्व सरपंच की पहल से गांव में बेटी जन्म पर पौधे लगाने की परम्परा शुरू की गई। पत्रकारों से बातचीत में श्री मेघवाल ने कहा कि कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक चेतना से जुडे कई मुद्दों पर मंथन किया गया।

................

केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव आज कोटपूतली–बहरोड़ के दौरे पर रहे। उन्होंने नीमराना स्थित एक निजी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर श्री यादव ने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर बल दिया। उन्होंने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में श्री यादव ने 21 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और 344 स्नातक और स्नातकोत्तर उपाधियां प्रदान कीं।

...................

गृहमंत्री अमित शाह का कल कोटपूतली पहुंचने का कार्यक्रम है। वे पावटा स्थित बाबा बालकनाथ आश्रम में आयोजित होने वाले एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इसमें हिस्सा लेंगे। गृहमंत्री के दौरे को देखते हुए जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र दुष्यंत ने आज सभा स्थल और अन्य व्यवस्थाओं को जायजा लिया।

...................

भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस कल है। इस उपलक्ष में 13 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। ये पार्टी का 45वीं स्थापना दिवस है।

...................

जयपुर डेयरी की तर्ज पर प्रदेशभर में 'सरस लाडो मायरा'' योजना लागू की जाएगी। इसके तहत डेयरी से जुड़े दुग्ध उत्पादकों की बेटियों की शादी में मायरा भरा जाएगा। पशुपालन और डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने आज जयपुर डेयरी के पचास साल पूरे होने के उपलक्ष में आयोजित समारोह में ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि आरसीडीएफ के सहयोग से शुरू होने वाली इस योजना से करीब डेढ़ लाख दुग्ध उत्पादकों को फायदा होगा।

.............

समारोह में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर भी शामिल हुईं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि देश में 70 प्रतिशत डेयरी उद्योग महिलाएं चला रही हैं। इससे महिलाओं में आत्मनिर्भरता बढी है। उन्होंने इस क्षेत्र से जुडी महिलाओं की डिजिटल साक्षरता और तकनीकी प्रशिक्षण पर जोर दिया। सरस लाडो मायरा योजना की सराहना करते हुए उन्होंने इसे उत्कृष्ट पहल बताया और पूरे देश में लागू करने की सलाह दी।

...................

स्वच्छ भारत मिशन के तहत आज पाली जिले के रणकपुर बांध पर क्लीन वॉटर बॉडी अभियान चलाया गया। सादडी नगर पालिका और एक निजी संस्थान की ओर से चलाए गए इस अभियान के तहत जल स्त्रोंतों की सफाई की गई। इस दौरान बांध किनारे फैली गंदगी और प्लास्टिक कचरे को इकट्ठा कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने जल स्त्रोतों को साफ और संरक्षित रखने की शपथ भी ली।

...................

आज राष्ट्रीय समुद्री दिवस है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के समृद्ध समुद्री इतिहास का जिक्र किया है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने राष्ट्र निर्माण में समुद्री क्षेत्र की भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान देने वाले समुद्री क्षेत्र और बंदरगाहों को मजबूत करना जारी रखेगी। 62वें राष्ट्रीय समुद्री दिवस के अवसर पर केन्द्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने आज नई दिल्ली में मेरीटाइम अवेयरनेस वॉकेथन को रवाना किया। श्री सोनोवाल ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने में हर नागरिक को भूमिका निभानी चाहिए।

.................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का **मन की बात** कार्यक्रम 27 अप्रेल को होगा। आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मासिक कार्यक्रम की ये 121वीं कड़ी होगी। इसके लिए 25 अप्रेल तक श्रोता अपने सुझाव भेज सकते हैं।

इन्हें टोल–फ्री नम्बर **1800–11–7800** के माध्यम से दिया जा सकता है। वहीं **नरेंद्र मोदी एप या माय जीओवी ओपन फोरम** के जरिए भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

...................

प्रदेशभर में आज दुर्गाष्टमी परम्परागत श्रद्धाभाव के साथ मनाई जा रही है। देवी मंदिरों में मां दुर्गा की पूजा अर्चना की गई और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। घरों में भी कन्या पूजन किया गया। रामनवमी का पर्व कल मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर शोभायात्राएं निकाली जाएंगी और धार्मिक आयोजन होंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रदेशवासियों को रामनवमी की शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि भगवान श्रीराम का जीवन विपरीत परिस्थितियों में भी नैतिकता, सदाचार, त्याग और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी की सुख, समृद्धि और संपन्नता की कामना की है। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जम्मू–कश्मीर के लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा से आज नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

...................

राजस्थान का वस्त्र उद्योग अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ है। राज्य से निर्यात होने वाले उत्पादों में वस्त्र अग्रणी है। राज्य सरकार ने **फाइबर से फेशन तक** के विज़न के साथ राजस्थान टेक्सटाइल एण्ड अपैरल पॉलिसी–2025 लागू की है। ये नीति प्रदेश को आधुनिक टेक्सटाइल और अपैरल निर्माण के केन्द्र के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण पहल साबित होगी।

.................

पीटीईटी–2025 के लिए आवेदन की आखिरी तारीख सात अप्रैल है। प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों में चल रहे दो वर्षीय बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए ये परीक्षा 15 जून को होगी। इसके लिए इच्छुक अभ्यर्थी पीटीईटी की वेबसाइट और ई–मित्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

...................

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग–यूजीसी ने विदेशों में शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थी, जो भारत की उच्च शिक्षा प्रणाली और कार्यबल का हिस्सा बनना चाहते हैं, उनके लिए समकक्षता ढांचा बनाने का निर्णय लिया है। यूजीसी की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि आयोग ने स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों से विदेशी योग्यता की पहचान के लिए पारदर्शी, प्रौद्योगिकी–प्रेरित तंत्र विकसित किया है। यूजीसी के अध्यक्ष, ममिदाला जगदीश कुमार ने कहा कि भारत को एक वैश्विक अध्ययन गंतव्य में बदलने के लिए ये एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थियों को आकर्षित करने के लिए विदेशों में अर्जित डिग्रियों की उचित पहचान सुनिश्चित करनी चाहिए।

...................